**गुरु पूर्णिमा** | नृत्य रूपों में गुरु की वंदना, 132 वां मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह

# राग मेघ से वर्षा के सौंदर्य को सुरों में पिरोया



**नवभारत,दमोह। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन दमोह एवं उत्थान साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था ग्राम-बकायन, जिला-दमोह के सहयोग से 132 वां मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह का शुभारंभ बुधवार की शाम को ग्राम बकायन, जिला दमोह में हुआ।** शुभारंभ से पूर्व प्रात:कालीन संगीत सभा के अंतर्गत नृत्य व गायन की प्रस्तुतियां हुईं। इसमें सबसे पहले सुश्री हृदयांशी केतकर, ग्वालियर का कथक नृत्य हुआ। उन्होंने पहली प्रस्तुति में शिव रुद्राष्टकम प्रस्तुत किया गया। जिस प्रकार हमारे हिंदू सनातन सभ्यता में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान का स्मरण कर उनकी पूजा आराधना के साथ होती है उसी तरह शिव रुद्राष्टकम के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करके प्रस्तुति का आरंभ हुआ, जिसके बोल नमामि शमीशान निर्वाण रूपम...थे। दूसरी प्रस्तुति में जयपुर घराने का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें कथक का तकनीकी पक्ष था। तीन ताल में आमद, उठान, कायदे, तोड़े, परण, कवित्त व तिहाईयाँ शामिल थीं। अंतिम प्रस्तुति पारंपरिक ठुमरी की रही, जिसके बोल रोके डगरिया थाड़ो....थे। इसमें कथक के भाव पक्ष को दिखाया। अगली प्रस्तुति सुश्री श्रद्धा जैन, भोपाल के शास्त्रीय गायन की रही। उन्होंने अपने गायन के लिए मौसम के दृष्टिगत राग मेघ को चुना। वर्षा ऋतु में गाये जाने वाले इस अति मधुर राग में उन्होंने बड़ा खयाल एक ताल से शुरुआत की, जिसके बोल थे बदरवा बरसे बिजुरी चमके....थे। वहीं, छोटा खयाल एक ताल में ही छरी पल छिन.... प्रस्तुत किया। इसके बाद एक ताल में तराना प्रस्तुत करते हुए पायो जी मैंने राम रतन धन पायो.... भजन के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ तबले पर श्री राम पाटीदार ने संगत की। प्रातःकालीन सभा की अंतिम प्रस्तुति चक्रधर नृत्य केन्द्र, भोपाल द्वारा कथक नृत्य की रही। गुरु सुश्री अल्पना वाजपेयी के निर्देशन में केन्द्र के शिष्यों ने प्रभावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियां दीं।इस प्रस्तुति में सितार पर अनिरुद्ध जोशी, तबले पर अभिजीत गढ़ेकर,गायन में मुनि मालवीय एवं पढ़ंत पर गुरु सुश्री अल्पना वाजपेयी ने संगत की।

## गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा विश्वास और समर्पण का प्रतीक



**नवभारत,दमोह।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकेत धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर पधारे शिष्यों ने हवन पूजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ सदगुरु देव भगवान की पादुका पूजन और आरती से हुआ कार्यक्रम में पधारे शिष्यों को संबोधित करते हुए जैसे ही राकेश चतुर्वेदी लाला जी महराज ने बताया कि उज्जैन के पांणनी विश्वविद्यालय द्वारा श्री भगवान वेदांताचार्य जी को डाक्टर (पीएचडी)की उपाधि प्रदान की गई है तो पूरा हाल करतल ध्वनि से गूंज उठा श्री भगवान वेदांताचार्य जी ने बनारस से दूर भाषा पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं हो सकती गुरु मनुष्य के कल्याण की आधारशिला है।कार्यक्रम में पं मनोज देवलिया तथा दमोह के खली के नाम से विख्यात बद्री विश्वकर्मा की विशेष उपस्थिती रही कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे से हुआ।



## शासकीय कमला नेहरु महिला महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्वोत्सव

29 जुलाई गुरु पूर्णिमा का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रभान सिंह पटेल, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति रहे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ.एन.पी.नायक सेवा निवृत प्राध्यापक व डॉ.रेखा जैन सेवा निवृत प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी.पी.चौधरी ने की।इस अवसर पर भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान,गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता तथा शिक्षा के माध्यम से नैतिक व मानवीय मूल्यों के संवर्धन पर विचार व्यक्त किए गए।चंद्रभान सिंह पटेल ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण व राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ हैं, उन्होंने कहा कि ज्ञान की अनंत सीमा का नाम ही गुरु है।वहीं डॉ.एन.पी.नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज निर्माण में गुरुओं की महत्वपूर्ण है।डॉ. रेखा जैन ने गुरु पूर्णिमा के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन व सतत अध्ययन के लिए प्रेरित किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.जी.पी. चौधरी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है।उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक-डॉ अरुणा जैन,डॉ अवधेश जैन, डॉ डी के नेमा,डॉ मालती नायक,डॉआराधना श्रीवास,डॉ बृजेन्द्र सिंह कुसमरिया, डॉ जया अहिरवार,डॉ प्रीति वर्मा, डॉ ब्रजेश मौर्य, डॉ प्रणव मिश्रा डॉ दिनेश पटेल,डॉ पूजा तंतवाय, डॉ शिवशंकर मरकाम, डॉ आदेश नामदेव, डॉ सुधांशु तिवारी,डॉ अमिता श्रीवास्तव,डॉ रामपवित्र गौतम,डॉ अजय सिंह, डॉ ममता संघी,डॉ अनुभा तिवारी,सौरभ खरे,संतोष दुबे सहित समस्त प्राध्यापक अधिकारी-कर्मचारी व छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ अवधेश कुमार जैन व आभार प्रदर्शन डॉ राजू प्रसाद अहरवाल ने व्यक्त किया।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय हटा में गुरु पूर्णिमा पर भारतीय ज्ञान-परंपरा प्रकोष्ठ का आयोजन, शिक्षा व नशामुक्ति का दिया संदेश



**नवभारत,दमोह।** राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा में भारतीय ज्ञान-परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा-पर्व का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं वंदना से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार अहिरवार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हटा क्षेत्र के टी.आई. सुधीर कुमार बेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं समस्त स्टाफ का पुष्पगुच्छ व श्रीफल से विद्यार्थियों द्वारा सम्मान किया गया।इस अवसर पर कुछ विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिनका प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।प्राचार्य मुकेश अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज हम इंटरनेट की दुनिया में जी रहे हैं और गूगल को अपना गुरु मान बैठे हैं। लेकिन यह सही नहीं है। गुरु का स्थान कोई नहीं ले सकता। मानव जीवन में गुरु का अपना महत्व है। टी.आई. श्री बेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की संघर्ष से ही व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है, बाहरी दिखावा व्यक्ति की पहचान नहीं है। आपके माता-पिता ने आपके लिए जो सपने देखे हैं,उसे हमेशा याद रखो।

# गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं

**कुम्हारी नवभारत 29 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूजन उपरांत गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य परंपरा, गुरु पूर्णिमा के महत्व तथा गुरु की आज्ञा का पालन करने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।



### छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान

इस अवसर पर पाल झारिया, पत्रकार जगत यादव, संस्था प्रमुख हरिशंकर लोधी सहित विद्यालय के अतिथि शिक्षक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरुजनों के सम्मान एवं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ। संकुल कुम्हारी से जुड़े हुए स्कूलों में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने शिक्षकों का सम्मान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक फूल सिंह यादव ने की।

## गुरु पूर्णिमा पर केंद्रीय विद्यालय हटा में मां सरस्वती प्रतिमा का अनावरण

**नवभारत,हटा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर केंद्रीय विद्यालय हटा में माँ सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत अनावरण व पूजन श्रद्धा व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक रहीं। उनके साथ सौरभ नेमा (अध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल हटा), भोले सराफ,रमाकांत सराफ,रंजीत (गुड्डू) गुप्ता,शिव शंकर कुशवाहा, कोमल रजक,लक्ष्मी नारायण साहू,श्रीमती रीना करी, श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव व मयंक खटीक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत माँ सरस्वती का पूजन व प्रतिमा का अनावरण किया गया।



## गुरुपूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धा का सागर, शिष्यों ने किया गुरु पूजन

स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग पर स्थित श्रीदेव रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का आज विश्राम हो गया भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया है गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं जो अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ.



## गुरु पूर्णिमा पर स्कूली बच्चों ने शिक्षकों का किया सम्मान वही शिक्षकों ने बताया गुरु पूर्णिमा का महत्व

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह।** समीपी ग्राम देवरी लीलाधर की एकीकृत माध्यमिक शाला में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कलश स्थापना और मां सरस्वती का पूजन के साथ बच्चों ने सभी शिक्षकों का तिलक तिलक लगाकर और गुरु महत्व के उद्बोधन देकर सम्मान किया। वहीं शिक्षकों ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व को विस्तार से समझाया. शाला प्रभारी मनोहर सिंह ने गुरू की महिमा का अपने शब्दों में बखान करते हुए कहा कि गुरु उस दीपक के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। गुरु के बिना ज्ञान की कल्पना करना निरर्थक है ,गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है इसलिए यह पूर्णिमा गुरु/शिक्षकों के सम्मान के लिए समर्पित होती है. इस अवसर पर कल्पना लोधी, मनोज रैकवा,पुष्पेंद्र अहिरवार और मालती लोधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये.



## गोंडी धर्माचार्य गुरुजियों का सम्मान किया गया


**नवभारत,दमोह.** 29 जुलाई 2026 में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम सरिया बांदकपुर में सर्वप्रथम सभी गोंडी धर्माचार्य गुरुजियों को सम्मान किया गया। इसके तत्पश्चात सरिया से बांदकपुर में खेरोड़ाई व समस्त देवी देवताओं भव्य रैली रैली के बाद गोंडी पूजा की गई। जिसमें धारा धर्माचार्य गणपत जी गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष मनु मरावी, मोहन सल्लू कन्हैया गोंड समाज महासभा ब्लॉक अध्यक्ष डोमन सिंह,मरावी जिला उपाध्यक्ष जगन पहलवान बद्दू सिंह बद्दू सिंह गोंडवाना अधिकारी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष जाहर सिंह पोर्ते ऐसे अनेक गांव से महिला शक्ति उपस्थिती रही.

### एक नजर में



#### गुरुपूर्णिमा पर्व पर पौधरोपण व जल संरक्षण अभियान

**नवभारत,दमोह.** नगर में संचालित एम.बी.के.चिल्ड्रन्स पैराडाइज स्कूल, तेंदूखेड़ा ने गुरुपूर्णिमा पर्व को अलग व अनोखे अंदाज में मनाया।विद्यालय के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर आम,जामुन,नीम,इमली, गुलमोहर,नीम आदि वृक्षों के पौधे लगाए जा रहे है।इस अवसर पर विद्यालय के संचालक व प्राचार्य एस के साहू ने बताया कि वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के महत्व को सभी को समझना होगा। जिस प्रकार से वृक्षों की कटाई होती है,उसके कारण पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा भविष्य में जल की कमी भी हो सकती है। इसलिए जल संरक्षण का कार्य भी निरंतर किया जाना चाहिए.



#### गुरु ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने वाले सूर्य हैं, जिसका कोई गुरु नहीं उसका जीवन शुरु नहीं : मुनि समता सागर महाराज

**नवभारत,दमोह।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आध्यात्म विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती कुण्डलपुर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समतासागर महाराज ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ज्ञान के अथाह सागर को जन-जन के लिए सरल,सुपेय और जीवनोपयोगी बनाते हैं। जैसे सूर्य समुद्र के जल को वाष्प बनाकर बादलों के माध्यम से समस्त सृष्टि के लिए जीवनदायी वर्षा का कारण बनता है, उसी प्रकार सद्गुरु ज्ञान को आत्मसात कर लोककल्याण के लिए सहज और व्यवहारिक रूप में समाज तक पहुँचाते हैं। सर्वोच्च है।



#### प्रधान जिला न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशगणों की उपस्थिति में पौधरोपण संपन्न

**नवभारत,दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी की उपस्थिति में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत गोवर्धन पर्वत बांदकपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध यातायात विभाग की कार्रवाई



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में दमोह यातायात पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों के प्रभावी पालन व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 29 जुलाई 2026 को यातायात प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को के नेतृत्व में जबलपुर रोड पर ओवरस्पीड वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते पाए गए 7 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 7,000 रुपये प्रशमन शुल्क वसूल किया गया।

# पटेरा में गल्ला व्यापारियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- तीन दुकानें सील, एसडीएम राकेश मरकाम के नेतृत्व में जांच
- वैध लाइसेंस और दस्तावेज नहीं मिलने पर हुई कार्रवाई



**नवभारत,पटेरा/दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार जिलेभर में विभिन्न संस्थानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में हटा एसडीएम राकेश मरकाम के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने पटेरा नगर में संचालित गल्ला व्यापारियों की दुकानों का निरीक्षण किया। तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में मंडी लाइसेंस, वैध दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर असाटी कृषि फार्म (संचालक दीपेश असाटी), सुधा ट्रेडर्स (संचालक गणेश उपाध्याय) व असाटी ट्रेडर्स (संचालक धीरज असाटी) की दुकानों को वैध लाइसेंस एवं दस्तावेजों के अभाव में सील कर दिया गया। वहीं, एक अन्य गल्ला दुकान की जांच के दौरान परिसर में कोई माल नहीं मिला, जिस पर जांच दल ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जांच व कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## टॉकीज तिराहा दीवान तलैया के पास खड़ी कार में फिर तोड़फोड़



**नवभारत,दमोह।** शहर के टाकीज तिराहा स्थित दीवान जी तलैया के पास खड़ी एक कार में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 15 जेडके 5187 को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इसी वाहन के साथ इस तरह की घटना हो चुकी है,जिसको लेकर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के आरक्षक जितेंद्र और भूपेंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार मालिक नीलेश दुबे से जानकारी ली और उन्हें कोतवाली आकर पुन: एफआईआर दर्ज कराने की हिदायत दी।लगातार हो रही इस घटना से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों ने किया चक्काजाम



**पथरिया नवभारत 29 जुलाई।** नगर व क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर बुधवार को नगर के हृदय स्थल संजय चौराहे पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भारी बारिश के दौरान भी काफी संख्या में चक्का जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए डटे रहे।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई दिनों से निरन्तर बिजली कटौती की जा रही है, जिससे मानव जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और उन्होंने कहा कि हम लोगों की निरंतर शिकायतों उपरांत भी बिजली विभाग द्वारा स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। मौका स्थल पर थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, वृंदेश पांडे एवं बिजली विभाग के सहायक अभियंता (ग्रामीण) आरके अरोरा ने ज्ञापन लेकर सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि वरिष्ठ विभाग तक बात पहुंचाएंगे एवं अति शीघ्र समाधान भी करवाएंगे।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन का स्थापना दिवस मनाया



**नवभारत,दमोह।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन दमोह का स्थापना दिवस प्रदेश प्रभारी श्रीमती मीना पाठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीषा दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर किरण गोस्वामी प्रदेश मंत्री डॉक्टर प्रेमलता नीलम प्रदेश महामंत्री चारुलता ठाकुर प्रदेश मंत्री प्रभात मिश्रा जिला अध्यक्ष प्रगति मिश्रा के निर्देशन में बड़ी भव्यता से संपन्न किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन राम दरबार का पूजन माला अर्पण किया गया इसके पश्चात संगठन का सामूहिक राष्ट्रीय गीत काव्या मिश्रा द्वारा गायन संगीत में हुआ सामूहिक संगीत में हनुमान चालीसा किया गया बुजुर्ग मातृशक्ति अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला पहनाकर तिलक लगाकर किया गया मीना पाठक मंडल द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों का आनंद सभी ने लिया प्रदेश प्रभारी मीना पाठक मनीष दुबे किरण गोस्वामी प्रेमलता नीलम चारुलता ठाकुर द्वारा संगठन के बारे में जानकारी दिए संगठन के उद्देश्य बताए गए और नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया नए सदस्य द्वारा सदस्यता ग्रहण करवाई इस अवसर पर संभाग उपाध्यक्ष आरती चौबे खुशबू तिवारी गायत्री लोधी कौशल्या ठाकुर आरती रैकवार संगीता अग्रवाल पदमा तिवारी वसुंधरा तिवारी चंदा दमउअनीता तिवारी आरती पाठक रुक्मणी पटेल कुसुम खरे सुषमा सोनी अनीता असाटी कुसुम चौबे बरसा तिवारी मालती मिश्रा सरोज पाठक सुशीला सारोठिया ममता सोनी उषा पांडे संध्या उपाध्याय अनीता पाठक आशा गुप्ता विद्या पटेल लक्ष्मी रैकवार मधु जायसवाल रही.

**नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान** | जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# नाट्य प्रस्तुति व सम्मान समारोह के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश





**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 29 जुलाई 2026 को जिला दमोह में एक वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज मिथलेश शुक्ला, उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज शशीन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) की गरिमामयी उपस्थिति रही।पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज मिथलेश शुक्ला व उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज शशीन्द्र सिंह चौहान ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं व आमजन को संबोधित करते हुए नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के उद्देश्य व महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अभिशाप है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाकर परिवार की आर्थिक, सामाजिक व मानसिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों व समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ड्रामा टीम के कलाकारों द्वारा प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों को मार्मिक ढंग से प्रदर्शित किया गया। अभियान के अंतर्गत पूर्व में आयोजित क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी, चित्रकला, निबंध व अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र, मेडल पुरस्कार दिये.

### पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**नवभारत, पथरिया 29 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के समापन पर बुधवार को पुलिस विभाग सागर के वरिष्ठ अधिकारी महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला, उप महा निरीक्षक शशीन्द सिंह चौहान एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि का पथरिया थाने में आगमन हुआ।इस दौरान पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंघी एवं थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी ने वरिष्ठ अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली तथा पुलिस कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आरक्षक ने किया अभद्र व्यवहार



**नवभारत,दमोह।** 28 जुलाई को लगभग दोपहर 12 बजे थाना कोतवाली, दमोह में पदस्थ आरक्षक घासीराम अहीरवाल फुटेरा वार्ड क्रमांक 5 स्थित हमारे निवास पर दीपक रैकवार के नाम का समन तामील कराने आए थे। हमारे परिवारजनों द्वारा उन्हें अत्यंत विनम्रतापूर्वक बताया गया कि दीपक रैकवार का पिछले कई महीनों से कोई पता अथवा जानकारी नहीं है। इसके बावजूद हमने समन विधिवत प्राप्त कर लिया। समन तामील करने के उपरांत आरक्षक घासीराम अहिरवाल ने घर में उपस्थित महिलाओं के साथ अत्यंत अभद्र व्यवहार किया तथा गाली-गलौज व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, शपथकर्ता मनीषा कुर्मी उम्र 52 वर्ष, जाति कुर्मी आत्मज / आत्मजा / पति श्री रामस्वरुप कुर्मी निवासी कनारी तहसील पथरिया जिला दमोह शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ।/करती हूँ, 1. यह कि मैं ग्राम कनारी तहसील पथरिया जिला दमोह म.प्र. की स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मेरी जीवन वीमा पालिसी नं. 373631894 में मेरा नाम कल्लो दयमंती बाई नाम दर्ज है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रं. 7260 6613 6517 में मेरा नाम मनीषा कुर्मी एवं मेरे पेन कॉर्ड एवं बैंक खाते में भी मेरा नाम मनीषा कुर्मी दर्ज है। 4. यह कि पालिसी में दर्ज नाम कल्लो दयमंती बाई एवं अन्य दस्तावेजो में दर्ज नाम मनीषा कुर्मी दोनों ही नाम एक ही महिला बीमा धारक के हैं। 5. यह कि पालिसी में मेरी जन्मतिथि 06/07/1972 दर्ज है, जबकि आधार कार्ड पेन कॉर्ड में जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है। 6. ह कि पालिसी में मेरी जन्मतिथि एवं नाम आधार कार्ड, पेन कॉर्ड के अनुसार दर्ज कर दिया जावे।

**शपथकर्ता**